राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

ff

हवामहल

बच्चों का झरोखा

17 जून 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 09

सौरमंडल का गीत

आज की कविता

सूरज इस परिवार का मुखिया है और सब उसके परिवार जन । अगर इस परिवार के सब जन बारी बारी से आकर अपना परिचय दें और गाकर अपने बारे में बताएं तो कितना मजा आएगा। उनका नाच भी देखने को मिलेगा । तो सुनते हैं सौर मण्डल का ये गीत। गीत सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Bindi Ke Balgeet

किसान राजकुमारी

आज की कहानी

कंसारी के पिता को पसंद नहीं था कि इतने बड़े राजा की बेटी खेती करे। नाराज होकर राजा ने कंसरी को राजमहल से निकाल तो दिया, लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि कंसारी को मनाने और उसे लेने राजा जंगल आया? क्या कंसारी वापस राजमहल गई? वह किसान राजकुमारी कैसे बनी? पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

अदृश्य कपड़े

आज की किताब

राजा को शाही नृत्य के लिए नए कपड़े चाहिए, लेकिन नखरीले राजा को जल्दी कुछ पसंद भी नहीं आता। दो किशोरों ने मिलकर राजा के लिए नए कपड़े तैयार करने का दावा किया। क्या राजा को वह कपड़े पसंद आए? कैसे थे वो कपड़े? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys.com

कागज़ का थैला

आज की गतिविधि

कागज़ का थैला भी मजबूत हो सकता है और वो भी बिना सिले, बिना चिपकाए और बिना स्टेपल के। हां इस थैले में आप सब्जी नहीं ला सकते पर फिर भी बड़े काम का है ये थैला। इसके लिए चाहिए एक ए- 4 साइज का कागज और कैंची। आइए देखते हैं इसकी विधि।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys.com

कहानी से शिक्षण

टीचर्स कॉर्नर

एक छोटी समान्य कहानी भी बच्चों के बीच सीखने सिखाने के अनेक मौके बनाती है। भाषा के कौशलों के साथ ही तमाम सामाजिक भावनात्मक स्तर पर भी काम कैसे हो सकता है उसका अनुभव अमृता मसीह ने अपने इस आलेख में किया है। कहानियों से शिक्षण का यह अनुभव पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



शिक्षकों के लिए। Pathshala

पढने की आदत

हमारा पुस्तकालय

कहते हैं कि शेर की दाढ़ में एक बार इन्सानी खून लग जाए तो फिर वो बार बार इन्सान का ही शिकार करने की फिराक में रहता है। यही हाल लाइब्रेरी का है, एक बार बच्चों को किताबों का चस्का लग जाए तो फिर आपका काम हल्का हो गया। मोहम्मद हुसैन डायर अपना अनुभव बता रहे हैं। पढ़ें।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 164वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।